गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में स्वच्छता पखवाडा कार्यक्रम के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में स्वच्छता पखवाडा कार्यक्रम 1 सितम्बर से 15 सितम्बर 2018 तक चलाया जा रहा है| इस कार्यक्रम के अंतर्गत गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 5 सितम्बर 2018 को किया गया| नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम 12: 00 बजे से 1:00 बजे तक यू.टी.डी. बिल्डिंग प्रांगण में आयोजित की गयी | इस कार्यक्रम में विधि विभाग के विद्यार्थियों के द्वारा बनाई गयी क्लीन भारत टीम ने नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया जिसमे शैलेश पाण्डेय, प्रियांशी दुबे, सुहाली जैन आदि विद्यार्थियों ने रोल प्ले किया| इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. सुजीत कुमार मिश्रा नोडल ऑफिसर स्वच्छता मिशन ने कहा कि इस समय हमारे देश की आबादी 125 करोड़ के ऊपर पहुच गयी है और इतनी आबादी से होने वाली गन्दगी को साफ़ करना एक चुनौती भरा कार्य है जिसे यदि शैक्षिक संस्थाओं के विद्यार्थी ठान ले तो अपने वातावरण, जहा हम रहते है उस स्थान को, अपने घर को, अपने लिए बने सार्वजानिक स्थानों को स्वच्छ रख सकते है इसका अर्थ है की हम कही भी किसी भी स्थान पर गन्दगी नहीं करेंगे और कोई ये करता है तो उसे समझायेंगे ये हमारे कर्तव्य का एक भाग होगा इसके अतिरिक्त हम अपने शैक्षिक संस्थान में अपने श्रमदान से उसे स्वच्छ बनाने में अपना योगदान देंगे| डॉ. सुजीत कुमार मिश्रा ने यह भी बताया कि हमारे गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के बहुत से विद्यार्थियों ने इस वर्ष गर्मी की छुट्टी में स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत सफाई से सम्बन्धित अनेको कार्यों को अपने अपने चुने हुए गाँव में जा कर किया और उन स्थानों में रहने वाले व्यक्तियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाई| ये विद्यार्थी हमारे गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के स्वच्छता कार्यक्रम के ब्रांड एम्बेसडर कहे जा सकते है| इस अवसर पर बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के छात्र छात्राए उपस्थित रही|

SHOT ON REDMI NOTE5 PRO
MI DUAL CAMERA

SHOT ON REDMI NOTE5 PRO
MI DUAL CAMERA